संख्या-146/2015/2604/नौ-5-2015-3आर0सी0/04

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र,
लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊः दिनांक 06 मई, 2015

विषयः वित्तीय वर्ष 2015-16 में क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों के भुगतान हेतु [redacted] वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपुर्यक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्मिकों के वेतन तथा भत्तों हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में आय-व्ययक में प्रावधानित ₹ 62.00 लाख (₹ बासठ लाख मात्र) की धनराशि श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(1) यह धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित कर किसी बैंक/पीएलए/पोस्ट आफिस/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि उन्हीं कार्मिकों के वेतन/भत्तों पर ही व्यय की जायेगी, जो पद शासन द्वारा स्वीकृत हैं तथा जिसके सापेक्ष कर्मी कार्यरत हैं।

(3) इस धनराशि का उपभोग चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अवश्य कर लिया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकर, उ0प्र0 इलाहाबाद एवं शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों का बिल शासन के सक्षम स्तर से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर कोषागार को उपलब्ध कराया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत *लेखाशीर्षक-"2217-शहरी विकास-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-07-लखनऊ विश्वविद्यालय (रीजनल सेन्टर फार अरबन एण्ड इन्वायरमेन्टल स्टडी) के लिए सहायता-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)"* के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह),
संयुक्त सचिव।

संख्या-146/2015/2604(1)/नौ-5-2015, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-,

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।
4- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5- रजिस्ट्रार/वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
7- गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह),
संयुक्त सचिव।